खण्ड - 12 संख्या - 5

# एकादश

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

## वृहस्पतिवार, तिथि 2 जुलाई 1998 ई०

**भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा**

**का**

**कार्य-वितरण।**

**सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में वृहस्पतिवार, तिथि 2 जुलाई 1998 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अध्यक्ष, श्री देवनारायण यादव के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।**

स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## स्थायी कार्यालय की व्यवस्था

**३७८. श्री हुसैन अंसारी** – क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि देवघर जिला के मधुपुर अनुमंडल की स्थापना जनवरी 1992 में हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल स्थापना के बाद से वर्तमान समय तक लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का कार्यालय अस्थायी रूप से कार्यरत हैं;

3) क्या यह बात सही है कि इस भीषण गर्मी में मधुपुर अनुमंडल में पेयजल हेतु बढ़ती समस्या का निदान अनुमंडलीय लो0 स्वा0 अभि0 के पदाधिकारियों को पूर्ण रूप से अधिकार नहीं दिये जाने के कारण आवंटन खर्च स्वेच्छा से आवश्यकतानुसार नहीं कर पातें है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुपुर में स्थायी कार्यालय की व्यवस्था करने का विचार रखती हैं, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## विज्ञापन सं० १/९८ को रद्द करना

**३७९. श्री रामचन्द्र बैठा** – क्या मंत्री, कृषि विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार आरक्षण नियमावली, 1991 बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, राँची के डीन डाईरेक्टर–विश्वविद्यालय प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति में लागू हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार/कुलाधिपति कार्यालय प्रबंध बोर्ड ने भी डीन/डाईरेक्टर विश्वविद्यालय प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति में आरचण